**Set – II**

**Subject – HINDI (Elective) ADDL**

**Arts/ Sci/ Com.**

**CLASS – XI**
वर्ग – **XI**

**Maximum marks – 90**
**Pass marks – 30**

**निर्देश– इस प्रश्न पत्र में 45 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के दो (2) अंक निर्धारित हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है :**

---

## खण्ड क

**निम्नलिखित गद्यांश को धयानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 1 से 5 का उत्तर दीजिए :**

स्वतंत्र भारत का संपूर्ण दायित्त्व आज विद्यार्थी के ही ऊपर है, क्योंकि आज जो विद्यार्थी हैं, वे ही कल स्वतंत्र भारत के नागरिक होंगे। भारत की उन्नति और उसका उत्थान उन्हीं की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करता है। अतः विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने भावी जीवन निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी के साथ करें। उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र, अपने समाज, अपने धर्म, अपनी संस्कृति को अपनी आँखों के सामने रखना चाहिए। जिससे उनके राष्ट्र को कुछ बल प्राप्त हो सके। जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण नहीं करते, वे राष्ट्र और समाज के लिए भार–स्वरुप होते हैं। विद्यार्थी का लक्ष्य विद्योपार्जन है। भली–भाँति विद्योपार्जन करके वह राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वाह सुचारु रुप से कर सकता है। राजनीति इस लक्ष्य की पूर्ति नहीं कर सकती है? यह सरल एवं शुद्ध–हृदय विद्यार्थी के वश का रोग नहीं है। राजनीति छात्रों के अध्ययन मे बाधा ही नहीं डालती वरन् उन्हें गुमराह भी कर देती है। अतः छात्रों को चाहिए कि सर्वप्रथम अपने आपको योग्य बनाने के बाद ही वे राजनीति क्षेत्र में कदम रखें।

1. प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
   (A) विद्यार्थी का लक्ष्य (B) राजनीति का उद्देश्य (C) राष्ट्र और राजनीति (D) राष्ट्रीय दृष्टिकोण
2. भारत की उन्नति किस पर निर्भर करती है?
   (A) महिलाओं पर (B) राजनीतिज्ञों पर (C) विद्यार्थियों पर (D) व्यापारियों पर
3. राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वाह एक विद्यार्थी कैसे कर सकता है?
   (A) विद्योपार्जन करके (B) राजनीति करके (C) स्वतंत्र नागरिक होकर (D) गुमराह होकर
4. विद्यार्थी को किस दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण करना चाहिए?
   (A) शारीरिक दृष्टिकोण (B) मानसिक दृष्टिकोण (C) राष्ट्रीय दृष्टिकोण (D) सांस्कृतिक दृष्टिकोण
5. छात्रों को कब राजनीति क्षेत्र में कदम रखना चाहिए?
   (A) अपने आप को योग्य बनाने के बाद (B) युवा अवस्था के बाद
   (C) नौकरी करने के बाद (C) बचपन के बाद

Pg-01-(1)

XI th/ Model- 2019/ Hindi- Elective/ SET-II/

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 6 से 10 का उत्तर दीजिए :**

रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चाँद,
आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है!
उलझनें अपनी बनाकर आप ही फँसता,
और फिर बेचैन हो जागता न सोता है।

जानता है तू कि मैं कितना पुराना हूँ?
मैं चुका हूँ देख मनु को जनमते–मरते
और लाखों बार तुझसे पागलों को भी
चाँदनी पर बैठ स्वपनों पर सही करते।

6. चाँद ने आदमी को अनोखा जीव क्यों कहा है?

   (A) क्योंकि वह उलझनें अपनी बनाता है (B) उलझनें अपनी सुलझाता है

   (C) उलझन में दूसरों को फँसाता है। (D) उलझन में सभी को फँसाता है।

7. 'गगन का चाँद' कवि से कब बातें कर रहा है?

   (A) रात में (B) दिन में (C) शाम में (D) दोपहर में

8. प्रस्तुत पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

   (A) कवि और चाँद (B) चाँदनी रात (C) स्वप्नों का संसार (D) मनु का संसार

9. गगन शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है?

   (A) पृथ्वी (B) नभ (C) सागर (D) धरती

10. चाँदनी रात में कवि क्या करते हैं?

    (A) स्वप्न देखते हैं (B) सोते हैं (C) गाते हैं (D) जागते हैं।

11. 'विज्ञानः वरदान अथवा अभिशाप' विषय पर निबंध लिखने के लिए आप किस शैली का प्रयोग करेंगे?

    (A) वर्णनात्मक शैली (B) विचारात्मक शैली (C) भावात्मक शैली (D) व्याख्यात्मक शैली

12. निबंध–लेखन के माध्यम से निबंध–लेखक के किस गुण को परखा जा सकता है?

    (A) ज्ञान और अनुभव (B) बोध और संयम (C) ज्ञान और जिज्ञासा (D) सोच और जागरुकता

13. निम्नलिखित में से क्या कार्यलयी–पत्र की एक विशेषता हो सकती है –

    (A) विस्तार (B) संक्षिप्तता (C) विश्लेषणात्मकता (D) कथात्मकता

14. रिपोर्ट में दी गई जानकारी का स्वरुप कैसा होना चाहिए?

    (A) कथात्मक (B) काल्पनिक (C) तथ्यात्मक (D) मिथक

15. किसी बैठक के लिए प्रस्तावित कार्यों की क्रमबद्ध सूची क्या कहलाती है –

    (A) रिपोर्ट (B) आदेश (C) स्ववृत (D) कार्यसूची

16. प्रत्यक्ष संवाद के बजाय किसी तकनीकी या यांत्रिक माध्यम के द्वारा समाज के एक विशाल वर्ग से संवाद कायम करना कहलाता है –

    (A) संचार (B) जनसंचार (C) समाचार (D) फीचर

M ②

17. समाचार सामग्री की अशुद्धियों को दूर करके पठनीय एवं प्रकाशन योग्य बनाना कहलाता है –

(A) रिपोर्टिंग (B) संपादन (C) प्रकाशन (D) वाचन

18. सूचनाओं का संकलन एवं संपादन कर पाठकों तक पहुँचाना क्या कहलाता है?

(A) संचार (B) पत्रकारिता (C) कार्यवृत्त (D) प्रसारण

19. जनसंचार का सबसे नवीन एवं लोकप्रिय माध्यम है –

(A) समाचार पत्र (B) रेडियो (C) इंटरनेट (D) टेलीविजन

20. समाचार किस शैली में लिखी जाती है –

(A) उल्टा पिरामिड शैली (B) पिरामिड शैली (C) कथात्मक शैली (D) आत्मकथात्मक शैली

**निर्देश – (प्रश्न संख्या 21–23) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

मुरली तऊ गोपालहिं भावति।
सूनि री सखी जदपि नंदलालहि, नाना भाँति नचावति।
राखति एक पाई ठाढ़ौ करि, अतिअधिकार जनावति।
कोमल तन आज्ञा करवावति, कटि टेढौ है आवति।

21. प्रस्तुत पंक्तियों के कवि कौन हैं?

(A) बिहारी लाल (B) सूरदास (C) कबीर दास (D) रामदास

22. गोपियों के अनुसार कृष्ण को कौन प्रिय है?

(A) गोकुल (B) गोपी (C) मुरली (D) यमुना

23. 'नंदलालहि नाना भाँति नचावती' में कौन–सा अंलकार है?

(A) रुपक (B) उपमा (C) अनुप्रास (D) यमक

24. 'अरे इन दोहुन राह न पाई' से दोहुन से कबीर का क्या आशय है?

(A) हिन्दू और मुसलमान (B) हिन्दु और सिक्ख (C) मुसलमान और पारसी (D) हिन्दू और क्रिश्चन

25. 'झहरि–झहरि झीनी बूँद है परति मानो' में 'झहरि–झहरि' कौन सा अलंकार है?

(A) पुनरुक्ति प्रकाश (B) मानवीकरण (C) यमक (D) रुपक

26. पाठ्य–पुस्तक में पद्माकर ने अपने कविता में किसका वर्णन किया है?

(A) ऋतुओं का (B) पशुओं का (C) नारी सौदर्य का (D) राजा का

27. 'संध्या के बाद' कविता में वृद्ध विधवाओं की तुलना किससे की गई है?

(A) बगुलों से (B) कोयल से (C) हंस से (D) मैना से

28. 'घर में वापसी' कविता में पत्नी की आँखें कवि के अनुसार क्या है?

(A) दो पंचर पहिए (B) लौह सलाखें (C) जलते घी के दिए (D) हाथ

29. महादेवी वर्मा का आधुनिक काल के किस वाद से सम्बन्ध है?

(A) छायावाद (B) प्रगतिवाद (C) प्रयोगवाद (D) नई कविता

9 (3)

30. कबीर दास की रचनाएँ किस पुस्तक में संकलित है?

(A) कामायनी (B) रामचरित मानस (C) बीजक (D) कुरुक्षेत्र

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न संख्या 31–33) के उत्तर दीजिए।**

बहुत लोग कहेंगे कि उनको पेट के धंधे के माने छुट्टी ही नहीं मिलती। तुम्हारा तो पेट भरा है तुमको दूर की सूझती है। यह कहना उनकी बहुत बड़ी भूल है। इंग्लैंड का पेट भी कभी यों ही खाली था। उसने एक हाथ से अपने पेट भरा, दूसरे हाथ से उन्नति की। राह के काँटों को साफ किया। वहाँ भी (इंग्लैंड) किसान, खेतवाले, गाड़ीवान मजदूर, कोचवान आदि है। किसी भी देश में सभी पेट भरे हुए नहीं होते। किन्तु वे लोग खेत जोतते–बोते हुए यह भी सोचते कि ऐसी और कौन नई कल या मसाला बनावे जिससे खेतों में आगे से दूना अन्न उपजे।

31. प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक कौन है?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) भारतेंदु हरिश्चन्द्र (C) हरिशंकर परसाई (D) प्रेमचंद

32. इंग्लैंड के लोग आगे क्यों बढ़ गए?

(A) वे काम करते हैं (B) काम करते हुए आगे की उन्नति के विषय में सोचते है

(C) वे काम नहीं करते हैं (D) वे आलसी होते है

33. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है?

(A) भारत वर्ष और इंग्लैंड (B) खाना बदोश (C) इंग्लैंड की उन्नति

(D) भारत वर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है

34. ईदगाह कहानी के मुख्य पात्र का क्या नाम है?

(A) हाफिज (B) हामिद (C) महमूद (D) मोहसिन

35. 'दोपहर का भोजन' किसकी रचना है?

(A) अमरकांत (B) रांगेय राघव (C) सुधा अरोड़ा (D) हरिशंकर परसाई

36. ओमप्रकाश वाल्मीकि ने खानाबदोश कहानी में किस वर्ग की विडंबना को उजागर किया है?

(A) श्रमिक वर्ग (B) कारीगर वर्ग (C) धनाढय वर्ग (D) कलाकार वर्ग

37. ज्योतिबा फुले की पत्नी का क्या नाम था?

(A) कुंती बाई (B) रेखा बाई (C) सावित्री बाई (D) मीरा बाई

38. गूँगे कहानी में किसके प्रति समाज में व्याप्त संवेदनहीनता को रेखांकित किया गया है?

(A) दिव्यांग (B) किसान (C) मजदूर (D) शिक्षक

39. हरिशंकर परसाई प्रसिद्ध.............................................. लेखक हैं?

(A) हास्य (B) हास्य–व्यंग्य (C) निबन्ध (D) उपन्यास

40. प्रेमचंद की सभी कहानियाँ किस पुस्तक में संग्रहित हैं?

(A) मानसरिता (B) मान–अपमान (C) मनोरंजन (D) मानसरोवर

41. 'अण्डे के छिलके' मोहन राकेश द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध .............................. है?

(A) नाटक (B) एकांकी (C) उपन्यास (D) कहानी

42. अंतराल भाग I में हुसैन की कहानी अपनी ज़बानी पाठ में हुसैन के जीवन के किस अवस्था की चर्चा की गई है?

(A) बचपन और युवा (B) युवा और बुढ़ापा (C) बचपन और बुढ़ापा (D) बुढ़ापा

43. मकबूल फिदा हुसैन को कला के किस क्षेत्र में प्रसिद्धि मिली।

(A) चित्रकारी (B) गायन (C) नृत्य (D) अभिनय

44. 'आवारा मसीहा' उपन्यास किस साहित्यकार के जीवन पर आधारित है?

(A) रवींद्रनाथ ठाकुर (B) शरत् चंद्र (C) निराला (D) बंकिमचंद्र

45. शरत् चंद्र के पिता का क्या नाम था?

(A) मोतीलाल (B) रामलाल (C) श्यामलाल (D) महेशलाल

Class – XI

Subject – HINDI (Elective) ADDL

Arts/ Sci/ Com.

## उत्तर कुंजी SET – II

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | A | 26 | A |
| 2 | C | 27 | A |
| 3 | A | 28 | D |
| 4 | C | 29 | A |
| 5 | A | 30 | C |
| 6 | A | 31 | B |
| 7 | A | 32 | B |
| 8 | A | 33 | D |
| 9 | B | 34 | B |
| 10 | A | 35 | A |
| 11 | B | 36 | A |
| 12 | A | 37 | C |
| 13 | B | 38 | A |
| 14 | C | 39 | B |
| 15 | D | 40 | D |
| 16 | B | 41 | B |
| 17 | B | 42 | A |
| 18 | B | 43 | A |
| 19 | C | 44 | B |
| 20 | A | 45 | A |
| 21 | B | | |
| 22 | C | | |
| 23 | C | | |
| 24 | A | | |
| 25 | A | | |